दमुआ नपा में खरीदी पर गिरी गाज, तत्कालीन सीएमओ पूजा बुनकर की दो वेतन वृद्धियां रोकीं

7.16 लाख रुपये की वसूली के आदेश से मचा हड़कंप, डस्टबिन की गुणवत्ता से लेकर निर्माण कार्यों तक पर उठे सवाल, नपा उपाध्यक्ष ने अब ईओडब्ल्यू से जांच कराने की तैयारी की

नपा दमुआ में उपाध्यक्ष को दरकिनार कर अध्यक्ष के साथ मिलकर मनमानी करना पूर्व सीएमओ को भारी पड़ गया। दरअसल नपा उपाध्यक्ष को हल्के में लेते हुए खरीदी में मनमानी करने का परिणाम यह हुआ कि जांच में दोष सामने आया और वेतन वृद्धि और वसूली से सीएमओ की सर्विस बुक में दाग लग गया। विश्वसनीय सूत्रों से खबर है कि बहुत जल्द ही वर्तमान के एक बड़े पदाधिकारी और एक अधिकारी पर भी कार्यवाही की गाज गिरना बाकी है। उपाध्यक्ष को दरकिनार करने का परिणाम सामने है। देखना होगा कि वर्तमान में एक पदाधिकारी और एक अधिकारी पर कब तक गाज गिरती है, पर यह तो तय है कि कार्यवाही तो होगी अगर भ्रष्टाचार में संलिप्त है तो भोगना पड़ेगा। कार्यवाही से निडर होकर पूजा बुनकर निरंतर गलत कार्यों को अंजाम देती रही और नतीजा कार्यवाही के रूप में आम जनता के सामने है। जनता के टैक्स का पैसा हजम करना अब इतना आसान नहीं है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ/छिंदवाड़ा

नगर पालिका में सरकारी खजाने से होने वाले खर्च पर निगरानी रखने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों की है, उन्हीं के कार्यकाल में खरीदी और निर्माण कार्यों को लेकर सवाल उठने लगें तो व्यवस्था की जवाबदेही तय होना जरूरी है।

दमुआ नगर पालिका में तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) पूजा बुनकर के मामले में शासन की कार्रवाई ने नगरपालिका के कामकाज को फिर सवालों के घेरे में ला दिया है। शासन ने उनकी दो वेतनवृद्धियां रोकने के साथ 7.16 लाख रुपये की वसूली के आदेश जारी किए हैं। इस कार्रवाई के बाद अब नगर पालिका में हुई खरीदी, स्वच्छता संबंधी परियोजनाओं और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच का मुद्दा भी जोर पकड़ने लगा है।

मामला केवल विभागीय कार्रवाई तक सीमित नहीं है। सवाल यह भी है कि सरकारी राशि से खरीदी गई सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और विकास कार्यों की निगरानी करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी भूमिका कितनी गंभीरता से निभाई? यदि खरीदी और निर्माण में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थीं, तो उनकी जांच किस स्तर तक हुई और जिम्मेदारी तय करने के लिए क्या कदम उठाए गए? इन सवालों के जवाब सामने आना जरूरी है।

महीनेभर में उखड़ने लगीं सड़कें, निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

नगर पालिका में सीमेंट कंक्रीट सड़कों के निर्माण को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं। आरोप है कि कुछ सड़कों की स्थिति निर्माण के कुछ ही समय बाद खराब होने लगी और उनकी सतह से गिट्टियां उखड़ने लगीं। यदि ऐसा हुआ है, तो यह निर्माण की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था की जांच का विषय है।सवाल उठता है कि सड़क निर्माण में निर्धारित गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल हुआ या नहीं? निर्माण के दौरान तकनीकी अधिकारियों ने निरीक्षण किया था या नहीं? कार्य पूरा होने के बाद गुणवत्ता परीक्षण कराया गया था या केवल कागजों पर औपचारिकताएं पूरी कर भुगतान कर दिया गया?इन सवालों के जवाब निर्माण कार्यों की माप पुस्तिका, तकनीकी स्वीकृति, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट और भुगतान संबंधी अभिलेखों से मिल सकते हैं। जरूरत पड़ने पर स्वतंत्र तकनीकी दल से निर्माण कार्यों की जांच कराई जा सकती है। यदि मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।



डस्टबिन की खरीदी पर बवाल, गुणवत्ता ऐसी कि उठने लगे सवाल

दमुआ नगर पालिका में डस्टबिन की खरीदी को लेकर पहले से ही आपत्तियां उठाई जाती रही हैं। शिकायतों में आरोप लगाया गया कि बाजार दरों की तुलना में अधिक कीमत पर कमजोर गुणवत्ता वाले डस्टबिन खरीदे गए। इन डस्टबिन की मजबूती को लेकर भी सवाल उठे। आरोप लगाने वालों का कहना है कि सामग्री इतनी पतली थी कि उसकी तुलना तेल के खाली टीन से की जाने लगी।खरीदी को लेकर सवाल केवल गुणवत्ता तक सीमित नहीं हैं। संबंधित फर्म का चयन किस आधार पर किया गया, दरों का तुलनात्मक परीक्षण हुआ या नहीं, सामग्री की आपूर्ति के बाद उसका भौतिक सत्यापन किसने किया और भुगतान से पहले गुणवत्ता की जांच की गई या नहीं, इन सभी बिंदुओं पर स्पष्टता जरूरी है।शिकायतों में जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी और संबंधित फर्म के चयन को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। ऐसे में खरीदी से जुड़े दस्तावेजों, स्वीकृत दरों, आपूर्ति आदेश, बिलों और भुगतान की जांच से ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। यदि निर्धारित मानकों से कम गुणवत्ता वाली सामग्री के लिए अधिक भुगतान किए जाने की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदारी तय करने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

स्वच्छता जंक्शन से सेल्फी पॉइंट तक, खर्च की जांच की मांग

दमुआ में स्वच्छता और शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर कराए गए कार्य भी सवालों के घेरे में बताए जा रहे हैं। स्वच्छता जंक्शन पर ट्रेन मॉडल, सेल्फी पॉइंट, हाईमास्ट पोल और एलईडी स्ट्रीट लाइट जैसे कार्यों को लेकर शिकायतकर्ता पक्ष ने खर्च और गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं।इन कार्यों पर कितनी राशि स्वीकृत हुई, वास्तविक लागत क्या रही, किस प्रक्रिया से कार्य आवंटित किए गए और भुगतान से पहले तकनीकी परीक्षण हुआ या नहीं, इन बिंदुओं की जांच आवश्यक है। यदि परियोजनाओं पर खर्च की गई राशि और मौके पर उपलब्ध कार्यों में अंतर मिलता है, तो उसका कारण भी सामने आना चाहिए।नगर पालिका का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाना है। इसके लिए खर्च की गई प्रत्येक राशि का लाभ नागरिकों तक पहुंचना चाहिए। केवल कार्य पूरा होने का प्रमाणपत्र जारी कर देना पर्याप्त नहीं है। निर्माण की गुणवत्ता, सामग्री की मजबूती और निर्धारित मानकों के पालन की पुष्टि भी जरूरी है।

7.16 लाख की रिकवरी, अब दूसरे निकायों के कार्यकाल पर निगाह

तत्कालीन सीएमओ पूजा बुनकर की दो वेतनवृद्धियां रोकने और 7.16 लाख रुपये की वसूली के आदेश के बाद अब उनके अन्य निकायों में पदस्थापना के दौरान कराए गए कार्यों की जांच की मांग उठ रही है।नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश बबुआ कश्यप पहले ही मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर जांच की मांग कर चुके हैं। उनका कहना है कि सरकारी राशि से हुई खरीदी और निर्माण कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा होनी चाहिए, ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता हुई हो तो उसकी वास्तविक स्थिति सामने आ सके।कश्यप की मांग है कि पूजा बुनकर के हर्रई से लेकर अन्य निकायों में पदस्थापना के दौरान हुए कार्यों की भी जांच कराई जाए। हालांकि, अन्य निकायों में अनियमितताओं की पुष्टि अभी जांच का विषय है। किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए संबंधित फाइलों, भुगतान अभिलेखों और तकनीकी रिपोर्टों की समीक्षा जरूरी होगी।

कार्रवाई के बाद अब जवाबदेही की बारी

दमुआ नगर पालिका में हुई कार्रवाई ने सरकारी खरीदी और निर्माण कार्यों की निगरानी पर महत्वपूर्ण सवाल खड़े किए हैं। दो वेतनवृद्धियां रोकने और 7.16 लाख रुपये की वसूली के आदेश से विभागीय कार्रवाई का संदेश जरूर गया है, लेकिन व्यवस्था में सुधार के लिए यह देखना भी जरूरी होगा कि शिकायतों के अन्य पहलुओं पर क्या कार्रवाई होती है।जनता की गाढ़ी कमाई से होने वाले प्रत्येक खर्च का हिसाब पारदर्शी होना चाहिए। यदि डस्टबिन की गुणवत्ता कमजोर थी, सड़कें समय से पहले खराब हुईं या किसी परियोजना में वित्तीय अनियमितता हुई, तो उसकी जांच तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए।अब निगाहें शासन के अगले कदम पर हैं। क्या खरीदी और निर्माण कार्यों की विस्तृत जांच होगी? क्या अन्य निकायों के कार्यकाल की फाइलें भी खुलेंगी? और क्या अनियमितता प्रमाणित होने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी? इन सवालों के जवाब ही तय करेंगे कि दमुआ नगर पालिका का मामला केवल वसूली के आदेश तक सिमटता है या इससे सरकारी कामकाज में जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम भी उठाए जाते हैं।

जांच के दायरे में ये पांच सवाल

- डस्टबिन की खरीदी किस दर पर हुई और उनकी गुणवत्ता का सत्यापन किसने किया?
- जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी में निर्धारित प्रक्रिया का पालन हुआ या नहीं?
- स्वच्छता जंक्शन, सेल्फी पॉइंट और स्ट्रीट लाइट परियोजनाओं पर कितना खर्च हुआ?
- सीमेंट सड़कों की गुणवत्ता की जांच और भुगतान की प्रक्रिया क्या रही?
- अन्य निकायों में पदस्थापना के दौरान हुए कार्यों की जांच कराई जाएगी या नहीं?

ईओडब्ल्यू से जांच की मांग उठाएंगे नपा उपाध्यक्ष

नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश बबुआ कश्यप के मुताबिक, वे नगरीय प्रशासन मंत्री को पत्र लिखकर संबंधित निकायों में हुई खरीदी और निर्माण कार्यों की विस्तृत जांच आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) जैसी सक्षम एजेंसी से कराने की मांग करेंगे।उनका मानना है कि केवल वसूली और विभागीय कार्रवाई से व्यवस्था में सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती। सरकारी धन के इस्तेमाल में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए शिकायतों की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारी तय करना जरूरी है। यदि जांच में वित्तीय अनियमितता या अन्य गंभीर उल्लंघन प्रमाणित होते हैं, तो संबंधित नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जानी चाहिए।यह भी जरूरी है कि जांच केवल एक खरीदी या एक परियोजना तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतों में जिन कार्यों का उल्लेख है, उनका अलग-अलग परीक्षण किया जाए। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि मामला किसी एक निर्णय तक सीमित था या निगरानी व्यवस्था में व्यापक खामियां थीं।

मराठा समाज के सामाजिक भवन का भूमिपूजन सांसद साहू करेंगे शिलान्यास

छिंदवाड़ा। जिला क्षत्रिय मराठा समाज के छत्रपति शिवाजी महाराज सामाजिक भवन निर्माण का भूमिपूजन एवं शिलान्यास रविवार को होगा। जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर रविवार को दोपहर 2 बजे नागपुर रोड ग्राम सर्रा स्थित कल्पतरु विहार कॉलोनी के पीछे, वार्ड क्रमांक 35 में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विवेक बंटी साहू भवन निर्माण का भूमिपूजन कर शुभारंभ करेंगे। जिला क्षत्रिय मराठा समाज के अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने कहा कि सामाजिक भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कार और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत आधार होगा। यह भवन सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। इससे समाज की एकता और परंपराओं को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने समाजबंधुओं से सपरिवार समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है। जिला क्षत्रिय मराठा समाज को भवन निर्माण आवश्यकता और इंतजार लंबे समय था।



जुन्नारदेव विधानसभा में ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. गोपाल यदुवंशी का प्रथम प्रवास संपन्न

छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. गोपाल यदुवंशी का जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में प्रथम प्रवास एवं स्वागत कार्यक्रम संपन्न हुआ। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रवास के दौरान माँ हिंगलाज मंदिर, हिंगलाज से प्रारंभ होकर गुड़ी बस स्टॉप पाला चौरई, राम तिराहा, मंगल भवन जामई, डुंगरिया, घोड़ावाड़ी एवं दमुआ में स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू नंदवंशी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनुज पाटकर, भाजपा नेता आशीष ठाकुर आदि मौजूद रहे।

इंदौर बना महिला एवं पुरुष टेबल टेनिस प्रतियोगिता का विजेता, छिन्दवाड़ा उपविजेता

छिन्दवाड़ा। उच्च शिक्षा विभाग के संयोजन में आयोजित राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन ओलंपिक स्टेडियम हॉल में हुआ। प्रतियोगिता के महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में इंदौर संभाग ने विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि छिन्दवाड़ा की टीम उपविजेता रही। सेमीफाइनल मुकाबलों में छिन्दवाड़ा ने जबलपुर को तथा इंदौर ने शहडोल को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में इंदौर और छिन्दवाड़ा के बीच रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसमें इंदौर ने छिन्दवाड़ा को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि छिन्दवाड़ा में खेलों के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो रहा है। शैक्षणिक एवं क्रीड़ा गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। एडीएम धीरेन्द्र सिंह ने राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय को राज्य स्तरीय वृहद आयोजन के सफल संचालन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता के संगठन सचिव डॉ. अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों की 12 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए तथा छिन्दवाड़ा टीम का प्रदर्शन उत्साहवर्धक रहा। इस अवसर पर क्रीड़ा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए डॉ. जीएसआर नायडू, रवि विराह एवं शरद स्टीफन को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी, क्रीड़ा अधिकारी, टीम मैनेजर एवं कोच उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि संतोष पटेल, दिनेशकांत मालवीय, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रिजवान कुरैषी, ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालाघाट प्रभारी जगेन्द्र अल्डक, चंद्रकुमार चंदु जैन भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे। आयोजन में प्रभारी प्राचार्य डॉ. नीलिमा बागड़े, महाविद्यालय की क्रीड़ा परिषद के प्रो. पंकज पाठक, डॉ. दिनेश चौधरी, डॉ. जे.एल. हनोते, डॉ. विजय कलमधार, डॉ. राजीव सिंह सहित विभिन्न समितियों के सदस्यों एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सक्रिय सहयोग रहा।

एसडीओपी ने दिया कार्रवाई का भरोसा

थाना प्रांगण में धरने पर बैठे विधायक, शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



20 अक्टूबर के बाद से परासिया - चांदामेटा में राजनैतिक माहौल गरमाया हुआ है । दशहरा के अवसर पर हुए सांस्कृतिक और रावण दहन कार्यक्रम के बाद कांग्रेस और भाजपा आमने - सामने आ गई है । पुलिस ने भाजपा नेत्री की शिकायत पर विधायक और एक अन्य पर मामला दर्ज किया तो शनिवार को विधायक भी शिकायत लेकर चांदामेटा थाने पहुंचे और एफ आई आर दर्ज करने की मांग रखी ।

थाना प्रभारी के द्वारा जांच की बात कही जाने पर विधायक और उनके साथी थाना प्रांगण में ही धरने पर बैठ गए । एस डी ओ पी आकांक्षा उपाध्याय आईं और कार्रवाई का भरोसा दिलाया । जिसके बाद धरना समाप्त हुआ ।

शनिवार 24 अक्टूबर को परासिया विधायक सोहन वाल्मीकि , कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष कमल राय , जनपद उपाध्यक्ष जमील खान , पूर्व जनपद अध्यक्ष रईस खान , नप चांदामेटा अध्यक्ष गोविन्द बिजोलिया , उपाध्यक्ष अमजद खान , नप बड़कुही अध्यक्ष भरत डेहरिया , समन्वयक बसंत मालवी , कांग्रेस नेता हरी वर्मा , बॉबी खंडूजा , रिम्पी खंडूजा , वीर बहादुर सिंह , अकबर खान , नवल सिंह परिहार , अकबर अली , अजहर खान , शकील खान , नसीम अहमद , सुशील जायसवाल , प्रतिभा सोनी , सावित्री वर्मा , ब्रज कुमारी सरेयाम , मंजू सोनी , अंजली श्रीवास्तव सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्त्ता इंटक कार्यालय से रैली लेकर चांदामेटा थाने पहुंचे । यहां विधायक सोहन वाल्मीकि ने थाना प्रभारी खेलचंद पटले को एक लिखित शिकायत दी । जिसमें भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया , राजकुमार सिंह , उदिता यादव , मनीष जैन , सज्जू तिवारी , प्रदीप विश्वकर्मा , ब्रजेश त्रिवेदी , मानव शर्मा , हर्षित बाजपेई , एजाज खान और मुकद्दर खान के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने को कहा ।

श्री वाल्मीकि ने कहा , कि भाजपा के इन लोगों के द्वारा 20 अक्टूबर को पंकज स्टेडियम में आयोजित सांस्कृतिक और रावण दहन कार्यक्रम में व्यवधान पहुंचाया । कार्यक्रम के दिन सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर आकर रेकी की गई । कार्यक्रम के दौरान उनके और उनके अन्य साथियों के साथ गाली - गलौज की गई । कार्यक्रम को बाधित किया गया ।

उन्होंने थाना प्रभारी से कहा , कि जिस तरह भाजपा नेत्री की शिकायत पर उनके और शिवम मालवी के खिलाफ बिना देर किए एफ आई आर दर्ज कर ली गई , अब उनकी शिकायत पर भी एफ आई आर दर्ज की जाए । उन्होंने कहा , कि उक्त लोगों में कुछ ऐसे भी हैं जिनके खिलाफ हत्या , आर्म्स एक्ट , मारपीट आदि के मामले पहले से ही दर्ज है ।

धरना देकर बैठ गए सभी

एफ आई आर दर्ज करने की बात पर जब थाना प्रभारी ने जांच करने की बात कही , तब विधायक और अन्य सभी कोंग्रेसी थाने मुख्य द्वार पर ही धरने पर बैठ गए और एफ आई आर दर्ज नहीं होने तक धरने पर बैठे रहने या एस डी ओ पी से आश्वासन मिलने की बात कही ।

सभी वैधानिक प्रक्रिया से आयोजित हुआ था कार्यक्रम



करीब पौन घंटा धरने पर बैठने के बाद जब डी एस पी आकांक्षा उपाध्याय आईं , तब विधायक ने डी एस पी को बताया , कि उन्होंने 1 अक्टूबर को संचालक संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन को कार्यक्रम की मांग रखी , कार्यक्रम की स्वीकृति मिलने के बाद , विभाग द्वारा छिंदवाड़ा कलेक्टर को कार्यक्रम सम्बंधित आदेश प्रेषित कर जिला प्रशासन की ओर से स्थानीय स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था , समन्वय व आयोजन के लिए आवश्यक सभी सैद्धांतिक स्वीकृतियाँ जारी करने के निर्देश दिए । श्री वाल्मीकि ने वेकोलि प्रबंधन से स्टेडियम के उपयोग की अनुमति भी ली । एस डी एम से 20 अक्टूबर को कार्यक्रम के आयोजन के लिए शाम 6 बजे से रात 2 बजे तक की अनुमति मांगी , जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद कार्यक्रम आयोजित हुआ । उन्होंने कहा , कि शासन से मिले इस कार्यक्रम के वे आयोजक थे , तो भला वे खुद इस कार्यक्रम को क्यों बाधित करते । उन्होंने बताया की स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर भाजपा के लोगों के लिए अलग से बैठक व्यवस्था बनाई गई थी । बावजूद इन सब के सत्ता के दबाव में मामला दर्ज किया गया । एस डी ओ पी ने इस मामले में उचित जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।

28 को होगा बड़ा आंदोलन :- धरना समाप्ति के बाद विधायक ने प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया , कि यदि उनकी शिकायत पर एफ आई आर दर्ज नहीं होती है , तो 28 अक्टूबर को विशाल विरोध रैली निकाली जाएगी और आंदोलन किया जाएगा ।

शिविरों में हर मरीजों को मिलेगा बेहतर से बेहतर उपचार : सांसद

स्वास्थ्य शिविर में जहां 325 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ वहीं 07 मरीजों को किया गया रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में पहुचने वाले हर मरीज का बेहतर से बेहतर उपचार मिलेगा। गंभीर मरीजों को छिन्दवाड़ा सहित महानगरों में भेजकर उनका उचित उपचार किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माध्यम से आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों देशवासियों का निःशुल्क ईलाज किया जा रहा है। छिन्दवाड़ा और पाण्डुर्णा में लगातार लगने वाले 100 शिविरों में आने वाले मरीजों का निःशुल्क और बेहतर ईलाज होगा।

यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने गांगीवाड़ा में आयोजित 38 वां निःशुल्क शिविर के दौरान कही। शिविर के शुभारंभ अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। प्रधानमंत्री मोदी के सेवा ही संगठन के संकल्प को पूरा करने में स्वास्थ्य शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने गांगीवाड़ा के शासकीय स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों से संवाद किया और स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए सांसद निधि से 3 लाख की राशि देने की घोषणा भी की।

उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में सेवा, संकल्प एवं स्वास्थ्य के 100 दिन की श्रृंखला में गांगीवाड़ा में 38 वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान कुल 325 लोगों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें 185 महिलाओं व बालिकाओं और 140 पुरूषों व युवाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। वहीं 07 गंभीर मरीज को छिंदवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल, सांसद प्रतिनिधि संतोष पटेल, दिनेशकांत मालवीय आदि मौजूद रहे।

बच्चों से किया संवाद और अतिरिक्त कक्ष के लिए दी 3 लाख की राशि

गांगीवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने गांगीवाड़ा के शासकीय स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से स्कूल में होने वाली पढ़ाई के साथ ही उनके पाठ्यक्रम को लेकर चर्चा की। इस दौरान बच्चों ने भी सांसद बंटी विवेक साहू से के समक्ष अपने मन की बात रखी। सांसद श्री साहू ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करते हुए अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करने के लिए कहा। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने पिछले वर्ष परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्कूल में कक्ष की कमी का उल्लेख करते हुए अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने का निवेदन सांसद बंटी विवेक साहू से किया। जिसे सहज ही स्वीकार करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने तत्काल ही स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए सांसद निधि से 3 लाख की राशि देने की घोषणा भी की।



महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मूर्ति स्थापना समारोह, सांसद सहित प्रमुख अतिथि हुए शामिल

शिक्षा, सामाजिक समानता और समरसता के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शहर के वार्ड क्रमांक 23 स्थित वाल्मीकि गुरुद्वारा में महर्षि वाल्मीकि जयंती एवं मूर्ति स्थापना समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, महाराष्ट्र प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सतीश डागौर और भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए। अतिथियों ने महर्षि वाल्मीकि जी के दर्शन कर श्रद्धा व्यक्त की और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

समारोह में महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन, विचारों और सामाजिक योगदान का स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाएं समाज को सत्य, ज्ञान, नैतिकता, समानता और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रेरित करती हैं। उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर सामाजिक भेदभाव दूर करने और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए।





सांसद सुमित्रा वाल्मीकि ने शिक्षा और समानता पर दिया जोर

राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि ने महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि शिक्षा और ज्ञान व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा के समान अवसर मिलने चाहिए, ताकि सभी लोग आगे बढ़कर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जी के विचारों से प्रेरणा लेते हुए मानवता, समानता और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। महाराष्ट्र प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सतीश डागौर ने सामाजिक सम्मान, समान अवसर और वंचित वर्गों के उत्थान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समाज की प्रगति तभी सार्थक होगी, जब प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिले। उन्होंने सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर सभी वर्गों के सम्मान, अधिकारों और कल्याण के लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता और समानता की भावना को मजबूत करना सामूहिक जिम्मेदारी है।

शेषराव ने सामाजिक एकता और सद्भाव का दिया संदेश

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने महर्षि वाल्मीकि जी के विचारों को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण धरोहर बताते हुए कहा कि उनके आदर्श समाज को सत्य, सदाचार और मानवीय मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन और उनकी शिक्षाएं सामाजिक एकता, सद्भाव तथा परस्पर सम्मान की भावना को मजबूत करने का संदेश देती हैं। उनके आदर्शों को केवल स्मरण करने तक सीमित न रखते हुए उन्हें अपने व्यवहार और सामाजिक जीवन में अपनाना चाहिए, ताकि समाज में भाईचारा और समरसता सुदृढ़ हो सके। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिक निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र मिगलानी, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, अभिलाष गोहर, जगदीश गोदरे, बलराम साहू, मनीष निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

सौंसर की बेटी अदिति डवले ने फोरेंसिक साइंस में हासिल किया गोल्ड मेडल



सौंसर। नगर की होनहार बेटी अदिति राजेश डवले ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संपूर्ण सौसर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अदिति ने ओरिएंटल यूनिवर्सिटी, इंदौर से मास्टर ऑफ साइंस (एम.एससी.) फोरेंसिक साइंस की परीक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किया है। अदिति, सौसर निवासी राजेश डवले एवं प्रेमलता डवले की सुपुत्री तथा निलेश डवले की भतीजी हैं। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उन्हें इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।अपनी इस शानदार सफलता पर अदिति ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसका श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों के सही मार्गदर्शन तथा निरंतर प्रोत्साहन को दिया। उन्होंने कहा कि परिजनों के संबल और शिक्षकों की प्रेरणा से ही वे इस मुकाम को हासिल करने में सफल रहीं।अदिति की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से उनके परिवार सहित पूरे सौसर नगर में हर्ष की लहर है। परिजनों, रिश्तेदारों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल करियर की कामना की है।

महिमा भालेराव का MBBS में चयन राहुल राहुल मोहोड ने दी बधाई



सौंसर। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपला नारायणवार निवासी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील भालेराव की सुपुत्री महिमा भालेराव का चयन भोपाल स्थित प्रतिष्ठित 'रामकृष्ण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर' में एमबीबीएस (**MBBS**) पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। महिमा की इस बड़ी उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।महिमा की इस सफलता पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड ने उनके निवास पहुँचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। राहुल मोहोड ने कहा कि महिमा की यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है और वे एक योग्य चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगी।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील चौधरी तथा श्री चेडगे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी महिमा भालेराव को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आपदा मित्रों को दिया भूकंप आपदा के पूर्व त्यारी पर क्षमतावर्धन प्रशिक्षण

छिंदवाड़ा। आपदाओं के समय क्या करे ओर क्या ना करे की जानकारी देने के लिए आपदा पूर्व आपदा मित्रों का 7 दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय होमगार्ड परिसर मे जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण छिंदवाड़ा के अध्यक्ष कलेक्टर श्री हरेन्द्र नारायन के निर्देशन एवं होमगार्ड के कमांडेंट, स्नेहलता पाठ्या सिविल डिफेंस के सब डिविजन वार्डन व रिसोर्स परसन श्यामल राव , प्रोफेसर डाक्टर अर्चना भार्गव की उपस्थिति मे, **prashikchan** कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर होमगार्ड कमांडेंट स्नेह लता पाठ्या ने बताया कि प्राकृतिक आधारित आपदाओं से निपटने के लिए शासन अपने स्तर पर कार्य कर रहा पर आपदा के समय सबसे पहले भूमिका समाज में रहने वालों की रहती है।

शरद पूर्णिमा पर आज होगी विशेष लीलाः

अयोध्या लौटे श्रीराम के साथ उजागर होंगे रामकथा के कई अनछुए पहलू

छिंदवाड़ा। 'श्री रामलीला मंडल, छोटी बाजार, छिंदवाड़ा' के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मंच पर इस वर्ष शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक भव्य एवं विशेष नाट्य मंचन का आयोजन किया जा रहा है। दशहरे के उपरांत प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाले इस विशेष एक दिवसीय कार्यक्रम को लेकर शहर के कलाप्रेमियों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। श्रीरामलीला मंडल के अध्यक्ष अरविन्द राजपूत ने बताया कि इस वर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रस्तुत होने वाले इस विशेष मंचन के माध्यम से दर्शकों के सामने रामकथा के कुछ ऐसे प्रसंग और अनछुए पहलू लाए जाएंगे, जो मन में उठने वाले कई प्रश्नों के उत्तर देंगे। इस विशेष प्रस्तुति में मुख्य रूप से यह दर्शाया जाएगा कि माता जानकी को किन परिस्थितियों में अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ा, प्रभु श्री राम के अयोध्या लौटने की प्रतीक्षा में भरत जी की व्याकुलता कैसी थी, माता कैकेयी और मंथरा से प्रभु श्री राम का क्या संवाद हुआ, तथा भगवान श्रीराम के भव्य राज्याभिषेक के समय क्या-क्या प्रसंग घटे। रामकथा के इन भावपूर्ण, प्रेरणादायी और वैचारिक पहलुओं को निकट से देखने तथा अनुभव करने के लिए मंडल परिवार की ओर से समस्त धर्मप्रेमी जनता को सादर आमंत्रित किया गया है। इस मंचन का निर्देशन मंडल के अध्यक्ष श्री अरविंद राजपूत द्वारा किया गया है जबकि पटकथा का लेखन श्री शशांक दुबे द्वारा किया गया है। मंचन दिनांक 25 अक्टूबर 2026, रविवार को समय रात्रि 8:30 बजे से श्री रामलीला मंच में किया गया जाएगा। मंडल के संरक्षकों ने सभी नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर प्रभु श्री राम की मर्यादा, त्याग, प्रेम और आदर्शों को आत्मसात करने और इस पावन सांस्कृतिक संध्या का हिस्सा बनने की अपील की है।

दुर्घटनाओं का केंद्र है श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक

नपा प्रशासन सौंसर एवं स्थानीय राजस्व विभाग के अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर का प्रमुख और सबसे व्यस्त श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक इन दिनों हादसों का 'ब्लैक स्पॉट' बनता जा रहा है। लगातार बढ़ते यातायात के दबाव और अनियंत्रित वाहनों की आवाजाही के कारण यहां आए दिन गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालक,महिलाएं इन हादसों का शिकार होकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं।

यह चौराहा नगर का सबसे व्यस्त केंद्र है, यहां पर छह रास्तों से आवागमन होता है। साथ ही आसपास बड़ी संख्या में स्कूल, कोचिंग संस्थान, बैंक, होटल और टैक्सी स्टैंड संचालित होते हैं। इसके चलते दिनभर स्कूली छात्र-छात्राओं, महिलाओं युवाओ कर्मचरियो और भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। नागपुर और छिंदवाड़ा की ओर से आने वाले तेज रफ्तार वाहन चालकों पर लगाम न होने के कारण स्थिति और भी खतरनाक हो गई है, जो सीधे दोपहिया चालकों को अपनी चपेट में ले रहे हैं।



चौक पर वाहनों के दबाव को नियंत्रित करने के लिए पूर्व में सिग्नल लाइट लगाई गई थी, लेकिन लंबे समय से यह सिग्नल बंद पड़ा है। इसके अलावा यात्री बसों की बेतरतीब टर्निंग और तेज रफ्तार ट्रकों के कारण राहगीरों की जान हमेशा जोखिम में रहती है।

किसी बड़ी अनहोनी के घटित होने से पहले नगरवासियों और व्यापारियों ने प्रशासन से तत्काल कड़े कदम उठाने की मांग की है। नागरिकों ने चौक के सभी पहुंच मार्गों पर उचित स्पीड ब्रेकर बनाने, बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल को तुरंत चालू करने तथा व्यस्त समय में ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती की मांग की है।

पूर्व में इस समस्या को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय ठाकरे विलास बुले के द्वारा नपा प्रशासन सौसर एवं स्थानीय राजस्व विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन भी सोपा गया है बावजूद इसके कार्रवाही शून्य है।


आज सिविल क्लब ग्राउंड में सजेगी संगीत की महफिल

बॉलीवुड के सुरों से सजेगी वारासिवनी की शाम, विनोद राठौड़, चांदनी मुखर्जी और अब्दुल शेख मचाएंगे धूम

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब वारासिवनी द्वारा आज 25 अक्टूबर शरद पूर्णिमा पर्व के अवसर पर सिविल क्लब ग्राउंड वारासिवनी में भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बॉलीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक विनोद राठौड़, गायिका चांदनी मुखर्जी और सा रे गा मा पा 2023 से पहचान बनाने वाले गायक अब्दुल शेख अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सदाबहार फिल्मी गीतों और सुरीली गायकी से सजी इस शाम में वारासिवनी सहित आसपास के क्षेत्र के संगीत प्रेमियों को मनोरंजन का अवसर मिलेगा।

बालीवुड के प्रसिद्ध गायक विनोद राठौड़ ऐसी दीवानगी, नायक नहीं खलनायक हूं मैं और ढोली तारो ढोल बाजे जैसे लोकप्रिय गीतों के लिए पहचाने जाते हैं। वहीं चांदनी मुखर्जी अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से समां बांधेंगी। सा रे गा मा पा 2023 के जरिए लोकप्रिय हुए अब्दुल शेख भी अपनी गायकी का हुनर दिखाएंगे।



समिति अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा ने बताया कि धार्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना समिति का उद्देश्य है। समिति के मंच पर पूर्व में चंकी पांडे, गुलशन ग्रोवर, राजपाल यादव, अल्ताफ राजा, मोहम्मद अजीज और सलमान अली जैसे कलाकार अपनी प्रस्तुतियां दे चुके हैं। उन्होंने नगरवासियों एवं क्षेत्र के संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान लकी कूपन का ड्रॉ निकालकर विजेताओं के नाम घोषित किए जाएंगे। योजना में टीवीएस रेडर 125 बाइक, होंडा डियो 110 स्कूटर, 190 लीटर का डबल डोर फ्रिज, 43 इंच की एलईडी और 7 किलोग्राम की वाशिंग मशीन सहित अन्य सांत्वना पुरस्कार रखे गए हैं।

सांदीपनि विद्यालय मलांजखंड में सतर्कता जागरूकता के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर विद्यार्थियों ने दिया ईमानदारी और नैतिक मूल्यों का संदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सतर्कता जागरूकता 2026 के अंतर्गत सतर्कता विभाग, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, मलांजखंड द्वारा सांदीपनि विद्यालय मलांजखंड में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, चित्रकला, भाषण एवं नाटक के माध्यम से ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं सत्यनिष्ठा की शपथ के साथ हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में ईमानदारी, नैतिकता एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, मलांजखंड के सतर्कता विभाग के मुख्य प्रबंधक श्री सुमित सिन्हा, एसएमसी सदस्य एवं नगरपालिका परिषद मलांजखंड की उपाध्यक्ष श्रीमती त्रिवेणी गोस्वामी तथा विद्यालय के प्राचार्य श्री गंगा प्रसाद कटरे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। वक्ताओं ने सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में इन मूल्यों को अपनाकर ही एक आदर्श समाज का निर्माण किया जा सकता है। श्री सुमित सिन्हा ने विद्यार्थियों को अपने जीवन एवं कार्यों में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती त्रिवेणी गोस्वामी ने कहा कि नैतिक मूल्यों की मजबूत नींव से ही आदर्श समाज का निर्माण संभव है। वहीं, प्राचार्य श्री गंगा प्रसाद कटरे ने सत्यनिष्ठा को व्यक्ति के चरित्र की पहचान बताते हुए ईमानदारी एवं अनुशासन को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की बात कही। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध लेखन के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए, जबकि चित्रकला के जरिए जागरूकता का संदेश दिया। भाषण एवं नाटक के माध्यम से सत्यनिष्ठा, सदाचार और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में नैतिक चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व और पारदर्शिता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। आयोजन ने संदेश दिया कि सत्यनिष्ठा केवल एक सद्गुण नहीं, बल्कि समृद्ध एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला है।



खेत बचाओ अभियान के तहत रबी फसलों की उन्नत तकनीक की दी गई जानकारी

बालाघाट। जिले के कटंगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया में 23 अक्टूबर को कृषक खेत पाठशाला एवं खेत बचाओ अभियान के तहत कृषकों को प्राकृतिक खेती और रबी फसलों की उन्नत कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व, उसके लाभ तथा खेती में अपनाई जाने वाली विभिन्न विधियों के बारे में बताया गया। साथ ही रबी मौसम में बोई जाने वाली प्रमुख फसलों गेहूं, चना, सरसों, मसूर एवं मटर की सुपर सीडर से बोवनी करने के लाभों से अवगत कराया गया। किसानों को बताया गया कि सुपर सीडर जैसी आधुनिक कृषि तकनीक अपनाकर फसलों की बोवनी को सुविधाजनक बनाया जा सकता है। इससे कृषि कार्यों में समय एवं श्रम की बचत करने में मदद मिलती है।

दीपावली से पहले पटाखा दुकानों और गोदामों का निरीक्षण, सुरक्षा के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज लांजी। दीपावली पर्व के मद्देनजर पटाखों की दुकानों एवं गोदामों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर निरीक्षण अभियान शुरू कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने और आमजन की सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से जिले की विभिन्न तहसीलों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में पटाखा दुकानों एवं गोदामों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम कारंजा में एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी एवं लांजी थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी ने दीपावली के लिए लगाई जाने वाली पटाखा दुकानों तथा गोदामों का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान एवं गोदाम संचालकों के लाइसेंसों की जांच की गई और सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। दुकानों में अग्निशमन यंत्र रखने, बाल्टियों में रेत भरकर तैयार रखने तथा आग बुझाने के लिए पानी और रेत की व्यवस्था चारों ओर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संचालकों को निर्देशित किया कि पटाखों की दुकानें आबादी एवं बसाहट वाले क्षेत्रों से दूर निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर ही लगाई जाएं। साथ ही पटाखों के भंडारण और बिक्री के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि आगजनी अथवा किसी अन्य दुर्घटना की आशंका को कम किया जा सके। अधिकारियों ने पटाखा दुकान एवं गोदाम संचालकों को सावधानी बरतने, नियमों का पालन करने तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। प्रशासन का उद्देश्य दीपावली का पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण अभियान चलाकर व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा रही है।



किसानों के आंदोलन की चेतावनी के बाद जागा प्रशासन, सिंगोला कैनाल में पहुंचा पानी

15 दिनों से पानी नहीं आने के कारण सूखने की कगार पर थी धान की फसल, किसानों ने चक्काजाम की दी थी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज लांजी।



सिंगोला कैनाल में करीब 15 दिनों से पानी नहीं आने के कारण धान की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई थी। खेतों में खड़ी फसल को समय पर सिंचाई नहीं मिलने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही थी। किसानों का कहना था कि यदि जल्द ही नहर में पानी नहीं छोड़ा गया, तो धान की फसल को भारी नुकसान हो सकता है और उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर जाएगा।इस समस्या को लेकर किसानों ने क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करोंहे, सांसद श्रीमती भारती पारधी, बालाघाट कलेक्टर, लांजी एसडीएम और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया था। किसानों ने अधिकारियों से कई बार नहर में पानी छोड़ने की मांग की, लेकिन समय पर समाधान नहीं होने से उनमें नाराजगी बढ़ती गई।समस्या का निराकरण नहीं होने पर किसानों ने बालाघाट कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दो दिन के भीतर सिंगोला कैनाल में पानी छोड़ने की मांग की थी। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि निर्धारित समय में पानी नहीं छोड़ा गया, तो वे लांजी-आमगांव मार्ग पर चक्काजाम कर आंदोलन करेंगे। किसानों का कहना था कि धान की फसल इस समय महत्वपूर्ण अवस्था में है और सिंचाई के अभाव में फसल को बचाना मुश्किल हो जाएगा।किसानों की चेतावनी के बाद प्रशासन हरकत में आया। कलेक्टर के निर्देश पर लांजी सिंचाई विभाग के एसडीओ ने सिंगोला कैनाल में पानी छोड़ दिया। नहर में पानी पहुंचते ही किसानों ने राहत की सांस ली। पानी मिलने से खेतों में खड़ी धान की फसल को आवश्यक सिंचाई मिलने की उम्मीद जगी है और किसानों को संभावित नुकसान से राहत मिलने की संभावना है।किसानों ने बताया कि नहर में पानी पहुंचने से फिलहाल उनकी बड़ी चिंता दूर हुई है, लेकिन भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए सिंचाई विभाग को नियमित निगरानी करनी होगी। किसानों ने नहर में लगातार जलप्रवाह बनाए रखने, कैनाल की साफ-सफाई कराने और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराने की मांग की है।किसानों ने समय पर कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर, क्षेत्रीय विधायक, सांसद और एसडीएम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यदि पानी कुछ दिन और नहीं पहुंचता, तो धान की फसल पूरी तरह प्रभावित हो सकती थी। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सिंचाई व्यवस्था को मजबूत किया जाए और नहरों में पानी छोड़ने की प्रक्रिया की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों को हर सीजन में परेशानी का सामना न करना पड़े।

महकेपार-बड़पानी मार्ग पर दर्दनाक हादसा, सहकारी समिति कर्मचारी की मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी थाना क्षेत्र की महकेपार पुलिस चौकी अंतर्गत महकेपार से बड़पानी मार्ग पर गुरुवार शाम हुए सड़क हादसे में वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति महकेपार में पदस्थ कर्मचारी लिपिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कोड़बी निवासी शिवकुमार कोकोड़े के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हादसा गुरुवार शाम करीब साढ़े 5 बजे हुआ। शिवकुमार कोकोड़े ड्यूटी खत्म कर अपनी दोपहिया वाहन से घर लौट रहे थे। इसी दौरान महकेपार-बड़पानी मार्ग पर पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें उठाकर तुमसर अस्पताल की ओर रवाना किया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। तुमसर शासकीय अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को तुमसर में ही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना को लेकर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को दोपहर 1 बजे पुलिस से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। वहीं क्षेत्र में चर्चा है कि यह टक्कर किसी तेज रफ्तार पिक-अप वाहन ने मारी है, जो हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। शिवकुमार कोकोड़े की असमय मौत से सहकारी समिति महकेपार और उनके गांव में शोक की लहर है। वे मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी के रूप में जाने जाते थे।



खबर संक्षेप

साक्षरता अभियान के तहत ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज सिवनी। ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता को बढ़ावा देने और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से साक्षरता संबंधी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आयोजित साक्षरता गतिविधि के दौरान ग्रामीण महिला, बुजुर्ग एवं अन्य नागरिक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में एक महिला अपने नवजात शिशु को गोद में लेकर पहुँची, वहीं एक बुजुर्ग भी साक्षरता संबंधी कार्य में भाग लेते दिखाई दिए। साक्षरता केवल पढना-लिखना सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने में भी सक्षम बनाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, बुजुर्गों और शिक्षा से वंचित लोगों को साक्षर बनाना समाज के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार की गतिविधियों से लोगों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है और समाज में जागरूकता का विस्तार होता है। साक्षर समाज ही विकसित और आत्मनिर्भर समाज की मजबूत नींव है।

बरघाट में 27 अक्टूबर को लगेगा निधि आपके निकट 2.0 शिविर

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा प्रत्येक माह की 27 तारीख को आयोजित किए जाने वाले निधि आपके निकट 2.0 मासिक जनसंपर्क एवं शिकायत निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत 27 अक्टूबर को सिवनी जिले के बरघाट में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम, बरघाट में किया जाएगा। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, जबलपुर कैलाश चंद्र जोशी के निर्देशानुसार सिवनी जिले के लिए छवि कुमार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। शिविर में भविष्य निधि सदस्यों, पेंशनभोगियों, नियोक्ताओं एवं अन्य संबंधित हितधारकों की समस्याएं सुनी जाएंगी तथा उनका यथासंभव मौके पर निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। शिविर में भविष्य निधि, पेंशन एवं अन्य संबंधित समस्याओं के निराकरण के साथ पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाण-पत्र संबंधी सुविधा एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा पात्र कर्मचारियों को कर्मचारी नामांकन अभियान के अंतर्गत ईपीएफओ से ईपीएफओ जुडने तथा भविष्य निधि के लाभ प्राप्त करने संबंधी जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा।

बरघाट में नगर परिषद के वार्डों और सीमा विस्तार प्रस्ताव का पार्षदों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नगर परिषद बरघाट में आज एक विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया जिसका विषय था कि आगामी 2027 नगरीय निकाय चुनाव के दौरान प्रस्तावित सीमा वृद्धि, वार्डों की संख्या, परिसीमन और आरक्षण में बदलाव के प्रस्ताव रखा गया था जिसका पार्षदों ने भारी विरोध किया। इस संबंध में विकास मोर्चा के सभी सात पार्षदों एवं कांग्रेस पार्टी के तीनों पार्षदों द्वारा लिखित आपत्ति दर्ज कराई गई है, जिसमें इस प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। लिखित आपत्ति में कहा गया है कि यह प्रस्तावित बदलाव जनगणना संबंधी निर्देशों, लागू वैधानिक प्रावधानों और लोकतांत्रिक निष्पक्षता की अनदेखी करके किया जा रहा है। विरोध पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि जनगणना की प्रक्रिया जारी रहने और जिले, तहसील, नगर, ग्राम, वार्ड की सीमाओं के भारत के जनगणना आयुक्त द्वारा लांक रखें जाने की अवधि के बीच यह प्रस्ताव की पहल गंभीर आपत्तियो को जन्म देती है।

गोपालगंज में आयोजित हुआ जनविश्वास शिविर, विधायक दिनेश राय एवं कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

स्वच्छता संबंधी शिकायत पर स्वच्छता प्रभारी एवं सचिव को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत सिवनी विकासखंड के ग्राम गोपालगंज में आयोजित जनविश्वास शिविर ग्रामीणों की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके समयबद्ध समाधान का प्रभावी माध्यम बना। विधायक श्री दिनेश राय एवं कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का प्राथमिकता से परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में ग्रामीणों ने सडक़, पेयजल, विद्युत, राजस्व, स्वच्छता, आवास एवं राशन सहित विभिन्न विषयों से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायत सामने आने पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने संबंधित अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम में साफ-सफाई व्यवस्था एवं पंचायत की अन्य शिकायत को कलेक्टर श्रीमती मीना ने गंभीरता से लेते हुए स्वच्छता प्रभारी एवं पंचायत सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने दल गठित कर जांच के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा कि जनविश्वास शिविर का उद्देश्य प्रशासन को ग्रामीणों के और करीब लाना तथा उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा निराकरण की स्थिति से आवेदक को भी अवगत कराया जाए।

कम वर्षा को देखते हुए किसानों को जल संरक्षण एवं कम पानी वाली फसलों के लिए किया प्रेरित

कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए शिविर में उपस्थित किसानों को आगामी रबी मौसम में कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों को प्राथमिकता देने तथा उपलब्ध जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा किसानों को रबी मौसम के लिए खाद एवं बीज की उपलब्धता, विभागीय योजनाओं तथा कृषि सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।

योजनाओं से मिला सहारा, हितग्राहियों को प्रदान किए गए लाभ

शिविर में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े हर हर महादेव स्व-सहायता समूह को 6 लाख रुपये की सीसीएल राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। वहीं श्रीमती



विनीता चंद्रवंशी एवं श्रीमती ज्योतिश्वरी कोसरे को 1-1 लाख रुपये के मुद्रा ऋण के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही स्वामित्व योजना के पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क रजिस्ट्री की प्रतियां प्रदान की गईं। अखिलेश को मिली अनुकंपा नियुक्ति, परिवार की जिम्मेदारियां संभालने का मिला सहारा- शिविर के दौरान श्री अखिलेश श्रीवास को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश भी प्रदान किया गया। उनके पिता पंचायत विभाग में शासकीय सेवा में कार्यरत थे। उनके निधन के पश्चात त्वरित रूप से अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर शिविर में श्री अखिलेश श्रीवास को नियुक्ति संबंधी आदेश सौंपा गया।

नियुक्ति मिलने से श्री अखिलेश श्रीवास को अपने परिवार की जिम्मेदारियों को संभालने के लिए शासकीय सेवा का सहारा मिला है। नियुक्ति आदेश प्राप्त होने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने उनकी समस्या के समाधान और परिवार को मिले इस सहारे के लिए आभार व्यक्त किया।

उद्यम संवाद में सामने आई आत्मनिर्भरता की कहानियां, हितग्राहियों ने साझा किए अनुभव- शिविर में आयोजित उद्यम संवाद में शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर रोजगार एवं व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। संवाद में यह भी सामने आया कि योजनाओं से मिली वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन ने हितग्राहियों को अपने कार्य को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। आचार्य विद्यासागर योजना के हितग्राही श्री शीतल सनोडिया ने योजना से मिले सहयोग के माध्यम से पशुपालन को आगे बढ़ाने के अनुभव साझा किए। श्रीमती शांति साहू ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से प्राप्त सहायता से पशुपालन कार्य में मिल रही सुविधा की जानकारी दी।

पीएमईजीपी योजना के हितग्राही श्री ब्रजमोहन ठाकुर ने योजना का लाभ लेकर रेस्टोरेंट संचालन के अपने अनुभव साझा किए। वहीं मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी श्रीमती लीना कोरी ने सीसीएल का लाभ लेकर सीएससी सेंटर प्रारंभ करने और उससे जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी।

श्रीमती ललिता मर्सकोले ने कृषि कार्य से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। वहीं पीएमएफएमई योजना की हितग्राही श्रीमती धनेश्वरी सनोडिया ने योजना का लाभ लेकर बेकरी उद्योग संचालित करने की जानकारी दी। अन्य योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि शासकीय योजनाओं से मिले सहयोग ने उनके कार्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उद्यम संवाद में हितग्राहियों की सफलता की कहानियां सुनकर उपस्थित ग्रामीणों को भी अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप स्वरोजगार एवं उद्यम गतिविधियों से जुडने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण

शिविर के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को पौधों की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

स्कूली बच्चों के साथ अतिथियों ने किया मध्याह्न भोजन

शिविर के समापन अवसर पर विधायक श्री दिनेश राय, कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना सहित अन्य अतिथियों ने विद्यालय पहुंचकर स्कूली बच्चों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन किया। अतिथियों ने बच्चों के साथ सहज संवाद करते हुए उनके साथ भोजन किया तथा विद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। बच्चों ने भी अतिथियों के साथ भोजन करते हुए उत्साहपूर्वक संवाद किया। शिविर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिवनी में 2005 एवं 2008 के व्यापम उत्तीर्ण शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

ब्रजमोहन सिंह बघेल के नेतृत्व में शिक्षकों ने 10 न्यायालयीन त्रुटियों के निराकरण की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



वर्ष 2005 एवं 2008 में व्यापम परीक्षा उत्तीर्ण कर चयनित शिक्षकों के हितों से जुड़े मामले में शुक्रवार को जिला सिवनी में शिक्षकों ने एकजुट होकर ज्ञापन सौंपा। श्री ब्रजमोहन सिंह बघेल के नेतृत्व में शिक्षक साथियों ने प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, वल्लभ भवन, भोपाल के नाम ज्ञापन कलेक्टर महोदय के माध्यम से अनुविभागीय कार्यालय में तहसीलदार को प्रस्तुत किया। ज्ञापन में मध्य प्रदेश शासन द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में 29 जुलाई 2026 को प्रस्तुत प्रकरण में दर्ज 10 न्यायालयीन त्रुटियों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराने की मांग की गई। शिक्षकों ने संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई समय पर की जाए, ताकि न्यायालयीन प्रक्रिया प्रभावित न हो तथा प्रभावित शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी पहल हो सके। शिक्षकों का कहना है कि वर्ष 2005 एवं 2008 में व्यापम परीक्षा उत्तीर्ण कर चयनित साथियों के भविष्य से जुड़ा यह महत्वपूर्ण विषय है। ऐसे में सभी संबंधित अधिकारियों एवं संगठनों को समय रहते आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

ये शिक्षक रहे उपस्थित

ज्ञापन सौंपने के दौरान लक्ष्मी प्रसाद चौधरी, ब्रजमोहन सिंह बघेल, दीपक ठाकुर, एवन जगने, संतोष शिववेदी, विष्णु सोनी, विनोद डहेरिया, वीरेन्द्र बिसेन, सुरेंद्र दुबे, मुकेश ठाकुर, कन्हैया लाल राहंगडाले, महेंद्र राहंगडाले, नीता सागर, पूनम सूर्यवंशी, आरती वंद्रे, जय श्री दास राय, राजश्री बैंस, ममता राहंगडाले, दशरथ साहू, मोहन ठाकुर, विश्वजीत सिंह बघेल एवं आलोक सराठे सहित अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे। शिक्षक साथियों ने एकजुटता के साथ अपने हितों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कलेक्टर ने पलारी टेकरी स्थित शनिधाम में पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि की कामना की

पलारी टेकरी में कंटूर निर्माण कार्यों का अवलोकन कर ग्रामीणों से लिया लाभ का फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने शुक्रवार को पलारी टेकरी स्थित शनिधाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने शनिदेव का पूजन कर जिले की सुख-समृद्धि और नागरिकों की खुशहाली की कामना की।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने इस दौरान पलारी टेकरी में पंचायत विभाग द्वारा कराए गए कंटूर निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यों की स्थिति देखी तथा ग्रामीणों से कंटूर निर्माण से होने वाले लाभों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि



कंटूर निर्माण से वर्षा जल को रोकने, मिट्टी के कटाव को कम करने तथा जल संरक्षण में सहायता मिल रही है। कलेक्टर श्रीमती मीना ने क्षेत्र में जल एवं मृदा संरक्षण के कार्यों को प्रोत्साहित करने के साथ पलारी टेकरी के प्राकृतिक एवं धार्मिक महत्व को देखते हुए क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों को विकसित करने से स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सकता है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

तहसील न्यायालय छपारा के दो अतिक्रमण प्रकरणों में हुई कार्रवाई: एक में मौका जांच के आदेश, दूसरे में रिहाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राजस्व प्रकरण 0006/अ-68/2024-25 के तहत ग्राम रामगढ़ में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के दो मामलों में नायब तहसीलदार न्यायालय छपारा ने अलग-अलग आदेश जारी किए हैं।

ग्राम रामगढ़ प.ह.नं. 30 स्थित खसरा नं. 385/1 रकबा 12.41 हे. मद बड़े झाड़ के जंगल के अंश 5.00 हे. पर अवैध कब्जा बनाए रखने पर अनावेदक जमला पिता मदुआ गोंड के विरुद्ध धारा 248(2)क के तहत सिविल जेल की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन किया गया था। अनावेदक के पुत्र राकेश कुमरे द्वारा अतिक्रमण हटा लेने की बात कहे जाने पर न्यायालय ने हल्का पटवारी को निर्देश दिया कि ग्रामवासियों की उपस्थिति में मौका स्थल का निरीक्षण कर पंचनामा, टाइम स्टाम्प्ड फोटो एवं सरपंच/सचिव के हस्ताक्षर सहित स्पष्ट प्रतिवेदन 2 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें।

इसी प्रकरण में बेदखली आदेश दिनांक 13.08.2024 के बाद भी खसरा नं. 385/1 के 1.80 हे. भाग पर कब्जा बनाए रखने पर अनावेदक दुर्गेश पिता पन्नालाल तेली उर्फ दुर्गेश साहू को जेल वारंट क्रमांक 1067/री-2/2026 दिनांक 05.06.2026 के तहत 22 जून 2026 तक जेल भेजा गया था। परिजन प्रवेश साहू द्वारा कब्जा हटा लेने का शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर न्यायालय ने दिनांक 08/06/2026 को अनावेदक दुर्गेश को जेल से मुक्त करने का आदेश दिया तथा रिहाई आदेश पृथक से जारी कर पटवारी से प्रतिवेदन लेने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि अन्य जो न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर अतिक्रमण कर मकान बना रहे हैं, उन पर भी जनहित में उचित कार्रवाई होना चाहिए।

दशहरा चल समारोह में अंजनी किशोर व्यायामशाला ने दिखाए शौर्य और कौशल के करतब

पारंपरिक शस्त्र कला और जिम्नास्टिक के प्रदर्शन ने दर्शकों को किया रोमांचित, भारतीय वीर परंपरा की दिखी झलक

सिवनी : विजयादशमी के अवसर पर नगर में निकाले गए दशहरा चल समारोह में एफसीआई रोड, शिव मंदिर मंगलीपेठ स्थित श्री अंजनी किशोर व्यायामशाला के खिलाड़ियों ने पारंपरिक शस्त्र कला और जिम्नास्टिक का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। खिलाड़ियों ने शौर्य, साहस, शारीरिक संतुलन और अनुशासन का परिचय देते हुए समारोह में उत्साह का माहौल बना दिया।

चल समारोह में शामिल होने से पूर्व व्यायामशाला परिसर में अतिथियों की उपस्थिति में विशेष शस्त्र प्रदर्शन एवं जिम्नास्टिक कार्यक्रम आयोजित



किया गया। इसमें प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने विभिन्न शस्त्रों के संचालन में अपनी दक्षता, फुर्ती और साहस का प्रदर्शन किया। वहीं, जिम्नास्टिक के कठिन अभ्यासों और आकर्षक करतबों से दर्शकों को प्रभावित किया। उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों की प्रतिभा और नियमित अभ्यास की सराहना की।

प्रमुख मार्गों पर दिखाए हैरतअंगेज करतब

दशहरा चल समारोह के दौरान व्यायामशाला के खिलाड़ियों ने शुक्रवारी क्षेत्र से प्रारंभ होकर नेहरू रोड, शंकर मढ़िया और छिंदवाड़ा चौक सहित नगर के प्रमुख स्थानों पर शस्त्र कला और शारीरिक कौशल का प्रदर्शन किया। मार्ग में जगह-जगह लोगों की भीड़ खिलाड़ियों के करतब देखने के लिए जुटी रही। उनके शानदार और अनुशासित प्रदर्शन ने चल समारोह के आकर्षण को बढ़ाया।

शौर्य, परंपरा और अनुशासन का संदेश

व्यायामशाला के खिलाड़ियों का प्रदर्शन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने भारतीय पारंपरिक शस्त्र कला, शारीरिक व्यायाम और आत्मरक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया।

विभिन्न प्रान्तों के कलाकार देंगे विशेष प्रस्तुति

धूमा में माता महाकाली का विसर्जन चल समारोह आज

भव्य एवं दिव्य मां की प्रतिमा,झाकी, विशाल रावण रहेंगे मुख्य आकर्षण शीतला माई माता महाकाली महोत्सव समिति धूमा का विसर्जन चल समारोह पूर्व की परंपरा अनुसार शरद पूर्णिमा को भव्य आयोजन के साथ आज रखा जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिसमें भारत वर्ष के अनेकों प्रान्तों से आए कलाकारो में से सत्ताढाना के रामतुला सागर , महाकाल की नगरी उज्जैन से मलखंभ एवं शिव तांडव नृत्य, नरसिंह अवतार एवं शेर दलदल घोड़ी नृत्य संस्कार धानी जबलपुर,माता महाकाली की सजीव झांकी छिंदवाड़ा, जूनियर पुष्पा राज मुंबई, हाइड्रा लाईट इवेंट, मां नर्मदा के पंडा द्वारा भव्य महाआरती, पंजाबी ढोल, डीजे धमाल, विशेष आतिशबाजी,विशाल काय रावण दहन, के साथ अनेकों प्रान्तों के कलाकारों के साथ इस आयोजन में अपनी सिरकत देने के लिए महाकाली महोत्सव समिति शीतला माई धूमा के विशाल चल समारोह में पहुंच रहे हैं। जगह जगह भंडारे भी आयोजित माता महाकाली के विसर्जन चल समारोह के दौरान नगर के मुख्य मार्गों में अनेकों स्थानों पर मां काली भंडारे प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है जिसमें पोहा, खीर पुरी केसर दूध ,हलवा पूरी,चना मसाला सब्जी चावल, कढ़ी चावल ,आलू बंडा खोवा जलेबी के साथ-साथ अनेकों जगह भंडारे की विशेष व्यवस्था रखी गई है जो कि नगर के श्रद्धालुओं द्वारा की जाती है जिसमें मां भगवती काली माता का स्थापन स्थल से विसर्जन स्थल में शीतला माई से लेकर गोटेगांव चौक से वापस धूमावती मंदिर बाजार चौक होते हुए कहानी तिराहा के पश्चात विसर्जन स्थल बड़े तालाब कहानी रोड तक नगर के अनेकों श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न प्रकार के भंडारे एवं पूजन की व्यवस्था रखी गई है जहां समिति के सदस्यों ने क्षेत्रीय जनों से पहुंचने की अपील की है।

विशाल देवी जागरण महाकौशल क्षेत्र के कान्हा म्यूजक़लि ग्रुप एवं छिंदवाड़ा के देवी जागरण की धूम के साथ माता महाकाली महोत्सव समिति शीतला माई धूमा के विसर्जन चल समारोह में शानदार प्रस्तुति के साथ माता महाकाली का भव्य विसर्जन किया जा रहा है जिसमें समिति सदस्यों ने पहुंचने की अपील की हैं।

शरद पूर्णिमा पर उगली में सजेगी शायरी की महफिल बाजार चौक में आज रात होगा शायर सम्मेलन

बाजार चौक में आज रात होगा शायर सम्मेलन, चंद्रशेखर दमाहे और चिंदुलाल बिसेन अपनी शायरी से बांधेंगे समां विशेष डांसर भी रहेंगे आकर्षण का केंद्र

उगली / सिवनी शरद पूर्णिमा (कोजागरी) के पावन अवसर पर उगली की धरती पर साहित्य, शायरी और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। श्री सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, बाजार चौक उगली के तत्वावधान में 25 अक्टूबर, रविवार को रात्रि 9 बजे से भव्य शायर सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रोताओं और दर्शकों के मनोरंजन के लिए दो मशहूर शायर चंद्रशेखर दमाहे और चिंदुलाल बिसेन अपनी वाद्ययंत्रों से सजी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। वहीं, विशेष डांसर भी कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

दूधिया चांदनी में सजेगी शायरी की महफिल

शरद पूर्णिमा की मनमोहक रात में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर आयोजकों में उत्साह है। दूधिया चांदनी के बीच शायरी, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उगली सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को मनोरंजन का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति ने सभी उत्साहित दर्शकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

शरद पूर्णिमा का विशेष धार्मिक महत्व

भारतीय परंपरा में शरद पूर्णिमा का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाओं के साथ विशेष आभा बिखेरता है और आकाश से अमृत वर्षा होती है। इसी विश्वास के चलते अनेक घरों में खीर और दूध को खुले आसमान के नीचे रखा जाता है। श्रद्धालु रात्रि जागरण कर चंद्रदेव की पूजा-अर्चना और आराधना करते हैं।

समिति ने क्षेत्रवासियों से की कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

श्री सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, बाजार चौक उगली के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल सहित समस्त आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

70 किमी तक नहीं होती कार्रवाई, पुलिस-खनिज विभाग की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

मौत बनकर दौड़ रहे ओवरलोड गिट्टी के डंपर!

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों ओवरलोड गिट्टी से भरे डंपर बेलगाम रफ्तार से दौड़ रहे हैं। ये डंपर न केवल यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि सड़कों पर चलने वाले आम लोगों, विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए मौत का सबब बने हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ये ओवरलोड वाहन सिवनी के बंडोल से कटंगी तक लगभग 70 किलोमीटर का लंबा सफर तय करते हैं, लेकिन इस पूरे रास्ते में कहीं भी पुलिस और खनिज विभाग द्वारा इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे दोनों विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कटंगी-सिवनी मुख्य मार्ग पर स्थित खिड़कीघाट का मोड़ और घाट सेक्शन इन ओवरलोड डंपरों के कारण हादसों का ब्लैक स्पॉट बन गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, क्षमता से कई गुना अधिक गिट्टी भरकर जब ये डंपर तेज रफ्तार से घाट से उतरते हैं, तो डंपर के ऊपर लगी गिट्टी सड़क पर बिखर जाती है। यह छोटी-छोटी गिट्टी सड़क पर बिछ जाती है और दोपहिया वाहनों के लिए जानलेवा साबित होती है। बाइक का टायर इन गिट्टियों पर फिसल जाता है और चालक अनियंत्रित होकर गिर जाता है। पिछले कुछ महीनों में खिड़कीघाट में इस तरह की कई दुर्घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसी तरह शहर के भीतर



भी हालात कम खतरनाक नहीं हैं। नगर के मुख्य मार्ग, बस स्टैंड के पास, तहसील कार्यालय के सामने और कई जगहों पर बने स्पीड ब्रेकर पर भी इन डंपरों से गिट्टी गिरती है। जब भारी-भरकम डंपर स्पीड ब्रेकर से उछलता है, तो गिट्टी सड़क पर फैल जाती है। सुबह-सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक है।

70 किमी के सफर में 5 थाने, फिर भी कोई रोक-टोक नहीं

यह सबसे बड़ा सवाल है। जानकारी के अनुसार ये गिट्टी के डंपर सिवनी जिले के बंडोल क्षेत्र की खदानों से गिट्टी भरकर आते हैं। बंडोल से कटंगी तक का सफर लगभग 70 किमी का है। इस रूट पर बंडोल, लखनवाड़ा, सिवनी कोतवाली, अरी और अंत में कटंगी थाना पड़ता है। यानी 5 थाना क्षेत्रों से ये ओवरलोड वाहन गुजरते हैं। इसके अलावा इस मार्ग पर चेकपोस्ट भी हैं, लेकिन कहीं भी इन वाहनों को रोका नहीं जाता। न तो इनके कागजात चेक होते हैं, न ही ओवरलोड का मापन होता है और न ही तेज रफ्तार को लेकर कोई कार्रवाई होती है। नियमानुसार किसी भी डंपर में उसकी निर्धारित क्षमता से अधिक माल नहीं भरा जा सकता और ऊपर तक भरी गिट्टी को तिरपाल से ढंकना अनिवार्य है, साथ ही डंपर में अतिरिक्त रिफ्लेक्टर और रिप नहीं लगी होना चाहिए। लेकिन कटंगी आने वाले अधिकांश डंपरों में इनमें से किसी भी नियम का पालन नहीं होता।

कार्रवाई की सूचना पहले ही हो जाती है लीक

सूत्रों की माने तो जब कभी पुलिस या खनिज विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने की तैयारी की जाती है, तो इसकी सूचना पहले ही ट्रक मालिकों और चालकों तक पहुंच जाती है। सूत्रों की मानें तो विभाग के भीतर से ही यह जानकारी लीक हो जाती है। सूचना मिलते ही इन ओवरलोड डंपरों को मुख्य सड़क से हटाकर किसी सुनसान जगह, पेट्रोल पंप के पीछे या खदान के आसपास खड़ा कर दिया जाता है। जब तक जांच अभियान चलता है, ये वाहन छिपे रहते हैं और अभियान खत्म होते ही फिर से सड़कों पर दौड़ने लगते हैं। इस कारण घर का भेदी लंका ढाए वाली कहावत यहां पूरी तरह चरितार्थ होती है।

शासन के निर्देशों का भी नहीं हो रहा पालन

गौरतलब है कि राज्य शासन और खनिज विभाग के उच्च अधिकारियों ने सभी जिला खनिज अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में ओवरलोड परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें। निर्देश में यह भी कहा गया है कि जिन डंपरों में रिप (रिफ्लेक्टर टेप) नहीं लगी है या जो बिना तिरपाल के चल रहे हैं, उन पर भी जुर्माना लगाया जाए। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन निर्देशों का पालन कागजों तक ही सीमित है। कटंगी में दिन-रात, खासकर शाम 6 बजे के बाद इन डंपरों की रफ्तार और भी बढ़ जाती है। शहर के भीतर से भी ये वाहन 60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से निकलते हैं, जहां 20 किमी की गति सीमा होनी चाहिए। नगर के जागरूक नागरिकों ने बीते दिनों एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मांग की थी कि मौत बनकर दौड़ रहे ट्रैक्टरों और डंपरों पर सख्त कार्रवाई की जाए, उनका वजन कराया जाए और तेज रफ्तार पर लगाम लगाई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके। लेकिन अब तक इस ज्ञापन पर प्रशासन ने अमल नहीं किया है।

राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगी

बालाघाट की दो स्वयंसेवक छात्राएं



सांदीपनि विद्यालय की चित्रा राहंगडाले एवं उत्कृष्ट विद्यालय बैहर की साक्षी वरकड़े हरियाणा के पनवल में लेंगी भाग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा हरियाणा के पनवल में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर (नेशनल इंटीग्रेशन कैंप) में बालाघाट जिले की दो स्वयंसेवक छात्राएं मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई सांदीपनि विद्यालय बालाघाट की कु. चित्रा राहंगडाले एवं उत्कृष्ट विद्यालय बैहर की कु. साक्षी वरकड़े का चयन इस शिविर के लिए किया गया है। दोनों छात्राएं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के दल के साथ मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तर के स्वयंसेवकों के लिए आयोजित इस राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के आठ स्वयंसेवकों का दल भाग ले रहा है। इसमें बालाघाट जिले की दोनों छात्राएं शामिल हैं। दोनों छात्राओं को 24 अक्टूबर को प्रातः 7:30 बजे बालाघाट रेलवे स्टेशन से शुभकामनाओं के साथ हरियाणा के लिए रवाना किया गया।

राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय को बढ़ावा देना उद्देश्य

राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। इसके माध्यम से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को मजबूत करने के साथ भाषाई, धार्मिक एवं क्षेत्रीय विविधताओं से ऊपर उठकर आपसी सौहार्द, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा दिया जाएगा। शिविर में देश की विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं और भाषाओं को समझने तथा उनके प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर कु. माही नागपुरकर, कक्षा 12वीं गणित संकाय की छात्रा कु. कृतिका कटरे तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सांदीपनि विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार कोर्राम उपस्थित रहे।

कु. चित्रा राहंगडाले के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के लिए चयनित होने पर संस्था के प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले, उपप्राचार्य साजिद मोहिस, कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार कोर्राम एवं विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मामला प्राथमिक शाला बड़गांव का

गणित के सवाल को लेकर शिक्षक ने कर दी बालक पिटाई



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के एक प्राथमिक स्कूल बड़गांव में पांचवीं के छात्र को गणित का सवाल हल न करने पर शिक्षक ने पीटा। शिक्षक रूपचंद खरे ने अपनी गलती मान ली है। उन पर विभागीय कार्रवाई की तैयारी है।

यह घटना 13 अक्टूबर की रात हुई थी। पिटाई से घायल छात्र को लांजी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी पीठ पर छड़ी से पिटाई के निशान थे।

शिक्षक ने छात्र से कहा था कि वह घर जाकर गिरने की झूठी बात बताए। जब छात्र की दादी ने शिक्षक से पूछा, तब भी उन्होंने झूठ बोला।

जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) धनश्री जैन ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच के आदेश दिए। जांच रिपोर्ट आने के बाद शिक्षक रूपचंद खरे ने डीईओ के सामने अपनी गलती मानी।

डीईओ धनश्री जैन ने बताया कि जांच रिपोर्ट आ गई है और शिक्षक ने गलती मानी है। इस मामले में विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय चावल सम्मेलन में मिला वैश्विक मंच, विदेशी खरीदारों से सीधे संवाद का अवसर

भारत मंडपम में छाई बालाघाट के चिन्नौर चावल की महक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित तीन दिवसीय भारत अंतर्राष्ट्रीय चावल सम्मेलन-2026 में बालाघाट जिले के जीआई टैग प्राप्त चिन्नौर चावल ने अपनी विशेष पहचान दर्ज कराई है। 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) के तहत चयनित बालाघाट चिन्नौर चावल का सम्मेलन में विशेष स्टॉल लगाकर प्रदर्शन किया जा रहा है। अपनी विशिष्ट सुगंध, स्वाद और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध चिन्नौर चावल को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के व्यापारियों और निर्यातकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड), भोपाल एवं कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात



विकास प्राधिकरण (एपीडा) के संयुक्त तत्वावधान में चिन्नौर चावल के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष स्टॉल लगाया गया है।

सम्मेलन में बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व लालबर्रा चिन्नौर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (एफपीओ) द्वारा किया जा रहा है। कंपनी के अध्यक्ष श्री ईशुपाल चौहान एवं संचालक सदस्य श्री राधेलाल पटले स्टॉल पर पहुंचने वाले व्यापारियों, निर्यातकों और प्रतिनिधियों को चिन्नौर चावल की विशेषताओं से अवगत करा रहे हैं। वे चावल की प्राकृतिक सुगंध, गुणवत्ता तथा पारंपरिक महत्व की जानकारी देकर इसकी बाजार संभावनाओं को सामने रख रहे हैं।

भारत अंतर्राष्ट्रीय चावल सम्मेलन के माध्यम से बालाघाट के किसान उत्पादक संगठन को देश के बड़े निर्यातकों और विदेशी खरीदारों के साथ सीधे बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) संवाद करने का अवसर मिला है। इससे चिन्नौर चावल के निर्यात की संभावनाओं को बल मिलने की उम्मीद है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी पहचान बढ़ने से स्थानीय धान उत्पादक किसानों को बेहतर बाजार और आर्थिक लाभ मिलने का रास्ता खुल सकता है।

उल्लेखनीय है कि बालाघाट का चिन्नौर चावल अपनी विशिष्ट खुशबू, पकने के बाद की कोमलता और स्वाद के लिए जाना जाता है। इसे वर्ष 2021 में भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त हुआ था। भारत मंडपम जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चिन्नौर चावल का प्रदर्शन बालाघाट जिले के कृषि उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कंजई क्षेत्र में मिला तेंदुआ का शव



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परियोजना परिक्षेत्र लालबर्रा निगम अंतर्गत कंजई गांव के एक टोले की नहर में शनिवार सुबह एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया और विभागीय अधिकारी मौके पर पहुचे। जहां आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर शव का अंतिम संस्कार किया गया।

सूचना पर वन विकास निगम के संभागीय प्रबंधक सुंदर निवेदन और डॉग फोर्स की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल वन विभाग की टीम तेंदुए की मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। जहां जांच के बाद ही तेंदुए की मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। बहरहाल संभावना व्यक्त की जा रही है कि दो वन्यप्राणीयों के बीच आपसी संघर्ष के चलते तेंदुए की मौत हुई होगी।

इनका कहना हैं

आपसी संघर्ष के चलते तेंदुए के बच्चे की मौत हुई होगी, पीएम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा। विभाग मामले की जांच कर रहा हैं।

सुंदर निवेदन
संभागीय प्रबंधक वन विकास निगम लामता

साले टेकरी रोड पर भीषण सड़क हादसा, महिला बबीता मात्रे की मौत; बच्चों के सिर से उठा मां का साया

हरिभूमि न्यूल लांजी।

लांजी क्षेत्र में 24 अक्टूबर की शाम साले टेकरी रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। ग्राम केराटोला के छापर नाला के पास अज्ञात पिकअप वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार तीन मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में जान गंवाने वाली महिला की पहचान बबीता मात्रे (29 वर्ष), पति दिनेश मात्रे, निवासी बेलगांव के रूप में हुई है। इस हृदयविदारक घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां की मौत से तीनों बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के



अनुसार, बबीता मात्रे अपने तीन बच्चों के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक MP 50 NS 4918 से लांजी की ओर से अपने गृह ग्राम बेलगांव जा रही थीं। बाइक पर उनके साथ सात वर्षीय प्राची मात्रे, दो वर्षीय यांश मात्रे और पांच वर्षीय जिगर मात्रे भी सवार थे। परिवार अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहा था, लेकिन रास्ते में ग्राम केराटोला के छापर नाला



के पास यह दर्दनाक हादसा हो गया।बताया जा रहा है कि इसी दौरान बेलगांव की ओर से आ रहे एक अज्ञात पिकअप वाहन ने कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार बबीता मात्रे और तीनों बच्चे सड़क पर गिर पड़े। हादसे में सभी को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना में बबीता मात्रे के सिर पर गंभीर चोटें आईं। इसके अलावा उन्हें अंदरूनी चोटें भी लगने की जानकारी सामने आई है। वहीं, सात वर्षीय प्राची के पैर में फ्रैक्चर होने की बात बताई जा रही है। दोनों बालक यांश और जिगर को भी चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।घटना की सूचना मिलने के बाद घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने के दौरान बबीता मात्रे की मौत हो गई। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खबर से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

लांजी में रेत का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

खनिज विभाग की कार्रवाई, पुलिस थाना लांजी की अभिरक्षा में रखे गए वाहन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायतों पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसील लांजी के ग्राम परसोडी में खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े गए।

खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों को पकड़कर पुलिस थाना लांजी की अभिरक्षा में रखवाया है। इन वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

मॉयल को राज्य अनुसूचित जनजातीय आयोग सदस्य की सौजन्य भेंट

बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा और सीएसआर से जुड़े मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा, भूमिगत खदान का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजातीय आयोग के सदस्य एवं बैहर के पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम तथा उनकी पत्नी एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनुपमा नेताम ने शुक्रवार को मॉयल लिमिटेड भरवेली का सौजन्य भ्रमण किया। इस दौरान मॉयल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं सीएसआर गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

मॉयल परिसर पहुंचने पर अधिकारियों द्वारा भगत सिंह नेताम एवं श्रीमती अनुपमा नेताम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया



गया। इस अवसर पर उन्हें 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत जूट बैग भी भेंट किए गए। इसके पश्चात आयोजित बैठक में मॉयल की कार्यप्रणाली, उत्पादन गतिविधियों एवं कंपनी द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कार्यों का अधिकारियों ने विस्तारपूर्वक प्रस्तुतीकरण दिया।

बैठक में राजेश भट्टाचार्य, प्रमुख महाप्रबंधक खान, उमाकांत भुजाडे, महाप्रबंधक एवं अभिकर्ता समूह-1, विवेक कुमार खान प्रबंधक, दीपक श्रीवास्तव, अजीत भीषिकर नागपुर, तिरोड़ा खान प्रबंधक मनीष धोके, उकवा खान प्रबंधक निषाद निकोसे सहित कार्मिक विभाग से समीर बनर्जी, रितेश माने, स्नेहा बरनवाल एवं नीरज पशीने उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला खनिज अधिकारी फरहत जहां, तहसीलदार परसवाड़ा कन्हैयालाल टेकाम तथा भाजपा संगठन से जुड़े प्रवीण मेश्राम, शैलेन्द्र सेठी, चन्द्रकांत, ज्ञानेन्द्र वासनिक, शैलेन्द्र ठकरेले सहित अन्य लोग मौजूद थे। बैठक के दौरान आयोग सदस्य भगत सिंह नेताम ने उकवा क्षेत्र के स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने सीएसआर के अंतर्गत भरवेली हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के नवीनीकरण तथा भरवेली मोक्षधाम में नए शेड के निर्माण का विषय भी रखा।

उन्होंने उकवा खदान में जमीन के बदले मुआवजा एवं रोजगार से जुड़े मामलों का समाधान करने तथा प्रभावित लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत करने की बात कही। साथ ही डीएवी स्कूल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चों को शिक्षा के लिए प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

23 जोडो को 15 नवम्बर को होगा मुस्लिम सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मुस्लिम एजुकेशनल एवं कल्चर सोसायटी बालाघाट के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जश्न-ए-ईदमिलादुननबी के मुबारक मौके पर मुस्लिम सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी द्वारा आयोजित यही सामूहिक विवाह कार्यक्रम 15 नवम्बर,2026 रविवार को अंजुमन शादी हाल बैहर रोड, बालाघाट में सम्पन्न होगा। जिसमें 23 जोडो का निकाह एक साथ अदा कराया जायेगा।

सोसायटी की यह पहल समाज के जरूरतमंद और माली तौर पर कमजोर परिवार के लिये एक अहम सहारा है या यूं कहे कि यह वरदान है तो इसमें कोई शंका नहीं। क्योंकि सामूहिक विवाह का यह सिलसिला वर्ष 2011 में शुरू किया गया था तब से लेकर अब तक 300 से ज्यादा जोडो का विवाह कराया जा चुका है।

सामूहिक विवाह सुन्नी रीतिरिवाज और शरीयत के मुताबिक अदा कराया जायेगा। विवाह में शामिल होने वाले प्रत्येक जोडो से दोनों पक्षों की ओर से मात्र 5000-5000 रूपये की दाखिला राशि ली जाती है। जिसमें कार्यक्रम की आवश्यक व्यवस्थायें और अन्य कार्य किये जाते है। विवाह के बाद नये जोडो को घरेलू जरूरत का सामान बतौर तोहफा समिति की ओर से प्रदान किया जाता हैं।

इस आयोजन के लिये किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं ली जाती। पूरी व्यवस्था समाज के लोगों और सामाजिक कार्यो में रूचि रखने वाले पक्षों के माध्यम से सम्पन्न की जाती है। सामूहिक विवाह का मकसद समाज में गैर जरूरी रस्मों और फिजुल खर्ची का खातमा करते हुए जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाना है। ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारा, आपसी मेल मिलाप और सामाजिक एकता मजबूत होती है। साथ ही समाज में सादगी आपसी सहयोग और एकता को बढ़ावा मिलता है।

समिति के अध्यक्ष आदिल पटेल के अनुसार यह आयोजन पूरी तरह से समाज को समर्पित है, जो समाज एवं सामाजिक कार्यो में रूचि रखने वाले पक्षों के माध्यम से सम्पन्न कराया जाता है। 16 अगस्त,2026 को कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मुस्लिम समाज के 127 बच्चों को सम्माननीत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया था। सामाजिक कार्यो में रूचि रखने वाले सभी पक्षों से अपेक्षा की जाती है कि मुस्लिम सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अपना आर्थिक योगदान देकर इसे सम्पन्न कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, क्योंकि यह आयोजन बिना सरकारी सहायता के कराया जाता है